हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 27 अगस्त 2026

04 व्यक्ति के व्यक्तित्व की पहचान उसकी वाणी से...



07 रक्षा बंधन के त्यौहार पर राखी का सजा बाजार, खरीदारों की उमड़ रही भीड़



समाचार संक्षेप

नपा सीएमओ ने वार्ड 15 का भ्रमण कर जांची साफ-सफाई व्यवस्था



राघोगढ़। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव द्वारा नगर पालिका राघौगढ़ के वार्ड क्रमांक.15 विजयपुर में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था एवं जल प्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान टीचिंग ग्राउंड का भ्रमण भी किया और स्वच्छता के मापदंड अनुसार एमआरएफ सेंटर कपोजिट प्लांट एफटीपी प्लांट व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि बृजेश धाकड़,वार्ड वासी,नगर पालिका स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

मानस भवन में 4 सितंबर को मनाया जाएगा जन्माष्टमी पर्व

गुना। श्याम मित्र मंडल गुना द्वारा दिनांक 4 सितंबर 2026 शुक्रवार को मानस भवन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें विवेक गर्ग ने सभी श्याम प्रेमी से आग्रह है कि श्याम बाबा की अलौकिक झांकी के दर्शन कर अपने जीवन को सफल बनाएं पुष्प वर्षा होगी इत्र वर्षा होगी भजन संध्या रात्रि 8:30 से 12:30 तक होगी तत्पश्चात 51 महाद्वीपों से खाटू सम्राट की महा आरती होगी।

विश्व गीता प्रतिष्ठानम की कार्यकारिणी का हुआ गठन

गुना। विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना की बैठक पिपलेश्वर महादेव मंदिर श्रीराम कालोनी में विश्व गीता प्रतिष्ठानम के केन्द्रीय महामंत्री विष्णु नारायण तिवारी के सानिध्य में संपन्न हुई जिसमें संरक्षक मंडल में संत कैलाश गिरी महाराज पिपलेश्वर महादेव मंदिर, बाल संत शाश्वत महाराज,सूरज प्रकाश अग्रवाल, ओ एन शर्मा,महेश बोहरे राघोगढ, मार्गदर्शक मंडल में डाक्टर सतीश चतुर्वेदी, हरिदत्त शर्मा, वीरेंद्र भार्गव , महेश शर्मा गेहूंखेडा, रामेश्वर शर्मा, ओमप्रकाश पाराशर प्रांतीय संयोजक, अंकित पाण्डेय , केशव बैरागी, साकेत रघुवंशी सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं को उपस्थित नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रदान की।

कुंभराज में अकीदत और उत्साह के साथ मनाई ईद-ए-मिलाद-उन-नबी

कुंभराज। नगर में बुधवार को मुस्लिम समाज द्वारा पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का यौम-ए-पैदाइश (जन्मदिन) यानी 'ईद-ए-मिलाद-उन-नबी' का त्यौहार बेहद अदब,अकीदत और भारी उत्साह के साथ मनाया गया । इस मुबारक मौके पर पैगम्बर साहब की याद में नगर में एक विशाल और भव्य जुलूस निकाला गया,जिसमें समाज जनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । इंदिरा कॉलोनी में स्थित मदीना मस्जिद से हुआ जुलूस का आगाज जुलूस में बड़ी संख्या में युवा, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए । जुलूस का मुख्य आकर्षण पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की शान में लिखे स्लोगन की आकर्षक तख्तियां और बैनर रहे, जिन्हें बच्चे और युवा अपने हाथों में थामे हुए थे डीजे पर बज रहे मजहबी तरानों और नात-ए-पाक की धुनों के बीच समाज जनों का उत्साह देखते ही बनता था ।नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा कारवां,मिठाई बाटी गई,एक दूसरे को मुबारकबाद दी।



जिला अस्पताल की पेयजल व्यवस्था पर उठा गंभीर सवाल

नल से भरी पानी की बोतल में निकला सांप का बच्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला अस्पताल में मरीजों की सेहत से खिलवाड़ और पेयजल व्यवस्था की बदहाली का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बुधवार की सुबह अस्पताल परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक अटेंडर द्वारा भरी गई पीने के पानी की बोतल में सांप का बच्चा तैरता नजर आया। बोतल के अंदर सांप को देखते ही सर्जिकल वार्ड में हडक़ंप मच गया और मरीज व उनके परिजन दहशत में आ गए। घटना सुबह करीब 9:30 बजे की है। ग्राम छीरखेड़ा निवासी देवेंद्र धाकड़ के परिजन अस्पताल में उपचाररत हैं। उनके अटेंडर मरीज के लिए पीने का पानी लेने परिसर में स्थित शिव मंदिर के पास लगी टोंटी पर गए थे। वे बोतल में पानी भरकर जैसे ही वार्ड में पहुंचे और



मरीज को देने लगे, तभी उनकी नजर पारदर्शी बोतल के अंदर रेंग रहे सांप के बच्चे पर पड़ी। यह नजारा देखते ही उनके हाथ-पांव फूल गए। वार्ड में मौजूद अन्य लोगों ने जब बोतल में सांप देखा, तो वहां हडक़ंप मच गया। मौके पर मौजूद फतेहगढ़ निवासी सुंदर सेन ने तुरंत इस पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया। देखते ही देखते यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इस घटना ने अस्पताल प्रशासन की स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था के तमाम दावों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। आशंका जताई जा रही है कि परिसर की मुख्य ओवरहेड टंकी या पाइपलाइन के भीतर सांप का कुनबा हो सकता है। जिला अस्पताल में पेयजल और सफाई व्यवस्था की बदहाली कोई नई बात नहीं है। यहां आए दिन गंदगी और दूषित पेयजल की शिकायतें सामने आती रहती हैं। अस्पताल परिसर में चार से पांच स्थानों पर सार्वजनिक पेयजल टोंटियां लगी हुई हैं। इन सभी जगहों पर अक्सर भारी गंदगी का आलम रहता है। टोंटियों के आसपास काई जमी रहती है और गंदा पानी भरा रहता है।

समय पर टंकियों की सफाई न होने से मरीजों को मजबूरन ऐसा ही दूषित पानी पीना पड़ता है। इस गंभीर लापरवाही के बाद मरीजों के परिजनों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह तो गनीमत थी कि पानी पीने से पहले बोतल में सांप दिख गया, वरना कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। परिजनों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और पेयजल स्त्रोतों की तत्काल सफाई कराने की मांग की है।

भारत माता मंदिर की सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भुल्लनपुरा बायपास स्थित निर्माणाधीन भारत माता मंदिर से जुड़ी घटनाओं को लेकर ब्लू फोर्स मानव एकता संघ के बैनर तले एसपी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मंदिर परिसर की सुरक्षा और पूर्व में दी गई शिकायतों पर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई। कार्यक्रम के दौरान भारत माता मंदिर निर्माण से जुड़े लगभग 50 महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2023 से अब तक मंदिर परिसर में हुई विभिन्न घटनाओं का क्रमवार उल्लेख करते हुए पूर्व में दिए गए आवेदनों और शिकायतों पर समग्र जांच कराने की बात रखी। साथ ही, एफआईआर दर्ज करने तथा मंदिर परिसर व निर्माण कार्य में लगे कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। संगठन के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष से द्वेष रखना नहीं, बल्कि केवल कानून के अनुसार निष्पक्ष जांच और भारत माता मंदिर की सुरक्षा सुनिश्चित कराना है। यह मंदिर जनसहयोग और राष्ट्रप्रेम की भावना से निर्मित किया जा रहा है। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं अनुशासित रहा।

सुदामा कॉलोनी में मंदिर जा रही युवती बच्ची और महिला पर लाठी से हमला

युवती गंभीर, आक्रोशित मोहल्लेवासी पहुंचे कोतवाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर की सुदामा कॉलोनी में शाम के समय मंदिर में दीया जलाने जा रही तीन महिलाओं पर मोहल्ले के ही एक युवक द्वारा जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस अचानक हुए हमले में 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके सिर में गहरा घाव होने के कारण जिला अस्पताल में 7 से 8 टांके आए हैं। घटनाक्रम के अनुसार, पूनम शर्मा (20) अपनी 7 वर्षीय छोटी बहन के साथ शाम करीब 7 बजे मंदिर में दीपक जलाने जा रही थीं। इसी



दौरान रास्ते में मोहल्ले का ही रहने वाला कृष्णा कुशवाहा नाम का युवक अचानक वहां पहुंचा और बिना किसी कारण के हमला कर दिया। आरोप है कि कृष्णा कुशवाहा ने पूनम के सीने पर मुक्का मारा और फिर लाठी-डंडे से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे युवती का सिर फट गया और अत्यधिक खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर जब पूनम की मां अपनी बेटियों को बचाने दौडक़र आईं, तो हमलावर ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे उनके सीने में गंभीर चोट आई है। इस दौरान 7 साल की मासूम बच्ची को भी आरोपी ने निशाना बनाया, जिससे उसे भी चोटें आई हैं। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई और आक्रोशित रहवासी पीड़ित परिवार के साथ सिटी कोतवाली थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज कर तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी कृष्णा कुशवाहा आए दिन मोहल्ले में आतंक मचाता है और महिलाओं के साथ अभद्रता करता है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। फिलहाल पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

गोया रोड पर चेकिंग के दौरान तीन बदमाश अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार, कार,फर्सी और बंदूक जब्त

गुना। जिले की चांचौड़ा थाना पुलिस एवं बीनागंज चौकी पुलिस ने गोया रोड पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मारुति ओमनी कार से तीन बदमाशों को अवैध धारदार हथियारों और बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से फर्सी, बका, एक चिडिया मार बंदूक और बिना फ्रंट नंबर प्लेट की कार जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीनागंज चौकी पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि बींजनीपुरा से गोया रोड की ओर एक सफेद रंग की संदिग्ध मारुति ओमनी कार आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गोया रोड पर ईंट भट्टे और सेन ढाबे के पास सघन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान आगे बिना नंबर प्लेट लगी एक मारुति ओमनी कार क्रमांक आरजे 17-6452 आती दिखी, जिसे घेराबंदी कर रोका गया। कार सवारों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम गोविंद बागरी (22), सोनू बागरी और रवि बागरी (23), तीनों निवासी ग्राम गरबोलिया, थाना मनोहरपुर, जिला झालावाड़ (राजस्थान) बताया। कार की तलाशी में से लोहे की धारदार फर्सी, एक लोहे का बका जब्त किया गया।

अवैध कट्टे के साथ उपद्रव मचाता युवक गिरफ्तार, 315 बोर का कट्टा और बाइक जब्त

गुना। जिले की कुंभराज थाना पुलिस ने बाजार व्यवस्था के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी बीच रास्ते में मोटरसाइकिल आड़ी खड़ी कर आम जनता को गालियां दे रहा था और हवा में कट्टा लहराकर दहशत फैला रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम जब बाजार व्यवस्था के दौरान गुरु महाराज मंदिर के पास पहुंची, तो वहां एक युवक बीच सडक़ पर मोटरसाइकिल खड़ी कर राहगीरों से गाली-गलौज करता दिखा। पुलिस ने घेराबंदी कर जब युवक को काबू में किया, तो उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। थाने लाकर जांच करने पर कट्टा 315 बोर (एक नाली) का पाया गया। आरोपी से जब नाम-पता पूछा गया, तो उसने अपना नाम रामकुमार उर्फ राम मीणा (22) निवासी ग्राम सींगनपुर बताया। पुलिस ने मौके से 315 बोर का देशी कट्टा और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को विधिवत जप्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ 25 आम्र्स एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है।

रक्षाबंधन पर सजा राखियों का बाजार

बच्चों को आकर्षित कर रहीं कार, बेबीडॉल की राखियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन 28 अगस्त को मनाया जाएगा। इसे लेकर शहर में राखी एवं गिफ्ट सेंटरों पर रौनक बढ़ गई है। राखी की दुकानों पर जमकर खरीदारी हो रही है, जिससे दुकानदारों में भी उत्साह है। शहर के हाट रोड से लेकर, रपटा, नीचला बाजार, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, बीजी रोड, कैंट आदि में राखियों की दुकानें सजी हुई है। रक्षाबंधन के त्योहार पर साड़ियां, बच्चों के कपड़े, राखी, सराफा और मिठाई का व्यवसाय प्रमुख रहता है। व्यापारियों ने इस बार बाजार में नई राखियां आई हैं। बच्चों के लिए खास तौर पर कार, बेबी डॉल के दृश्य और लेखनी से जुड़ी राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शहर में रक्षाबंधन से लेकर जन्माष्टमी तक पर्व की धूम रहती है। अंचल में विशेष रूप से रक्षाबंधन से जन्माष्टमी तक बहनें भाइयों की कलाइयों पर रक्षासूत्र बांधती हैं। इसी कारण शहर में राखी पर्व को लेकर फुटकर व्यापारियों ने शहर के मुख्य मार्ग पर राखियों की दुकानें सजाई हैं, जो जन्माष्टमी तक लगी रहेंगी।

व्यापारियों ने बताया कि अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली से मेरे प्यारे भैया-भाभी सहित त्रिशूल, महादेव और राम मॉडल की राखियां आई हैं। इसके अलावा उज्जैन महाकाल के बेल्ट, स्टोन राखी, जरी राखी, बुटी राखी, मेटल राखी, ऊनी राखी, रिंग राखी, रिंग डोरी, उप डोरी, बॉक्स राखी और कन्दौरे मटर राखी भी बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में 5 रुपये से लेकर 200 रुपये तक की राखियां मौजूद हैं।

बायपास पर एंबुलेंस ने कार में मारी टक्कर, वाहन क्षतिग्रस्तः गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुना बायपास पर शीतल ट्रांसपोर्ट के सामने बुधवार दोपहर एक अनियंत्रित एंबुलेंस ने कार में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि कार सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दतिया निवासी संजय दुबे अपने परिवार के साथ कार से इंदौर जा रहे थे। जैसे ही वे शीतल ट्रांसपोर्ट के पास पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार एंबुलेंस एमपी 13-3499 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार एमपी 13-5662 में टक्कर मार दी। हादसे में कार का बंपर, लाइट और डिग्गी टूट गए।

अकीदत और एहतराम के साथ मनाया ईद मिलादुन्नबी का पर्व

निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी, जगमगा उठे मुख्य बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के मुबारक मौके पर शहर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार अत्यंत उत्साह, उमंग, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस पावन अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें समाज के बुजुर्ग, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर पूरे शहर में जश्न का माहौल दिखाई दिया। त्योहार को लेकर विशेष रूप से शहर के मुख्य बाजारों, प्रमुख चौराहों, कॉलोनियों और मस्जिदों को आकर्षक लाइटों और रंग-बिरंगी रोशनी से दुल्हन की तरह सजाया गया था। रात के समय मुख्य बाजारों में की गई विद्युत सजावट और रोशनी शहरवासियों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इसके अलावा लोगों ने अपने-अपने घरों में भी विशेष रोशनी और सजावट की। मुख्य जुलूस-ए-मोहम्मदी का आगाज पारंपरिक रूप से शहर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद से हुआ। इसके साथ ही शहर के अलग-अलग मोहल्लों और कॉलोनियों से भी आकर्षक जुलूस निकाले गए। तलैया मोहल्ला, कर्नलगंज और रसीद कॉलोनी क्षेत्र से समाज के लोगों ने भव्य जुलूस निकाले। शहर की विभिन्न कॉलोनियों



और क्षेत्रों से निकलने वाले ये छोटे-छोटे जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से होते हुए जामा मस्जिद से निकलने वाले मुख्य जुलूस में शामिल हो गए। जुलूस अपने निर्धारित और पारंपरिक मार्गों से होकर गुजरा। यह जुलूस सदर बाजार, सुगन चौराहा, जयस्तंभ चौराहा और बोहरा मस्जिद चौराहा से होते हुए वापस अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान आगे-आगे बैंड-बाजों की मधुर धुनों के साथ ध्वज थामे युवा और घुड़सवार चल रहे थे।

आरोन में जुलूस का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

इधर आरोन में ईद मिलादुन्नबी के पावन पर्व पर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मुस्लिम समाज द्वारा नगर में भव्य जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर दोपहर 1:30 बजे जौहर की नमाज अदा की गई और देश एवं समाज में अमन, शांति और खुशहाली के लिए दुआएं की गईं। इसके बाद सभी



मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन, युवा एवं बच्चे उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ शामिल हुए। पूरे नगर में पर्व को लेकर उत्साह, उल्लास और धार्मिक माहौल देखने को मिला।जुलूस रिजोदा रोड स्थित चौकी से प्रारंभ हुआ, जो हनुमान चौराहा, मेन मार्केट, गुलाबगंज चौराहा, पुराना चौराहा, पुराना हायर सेकेंडरी स्कूल, विजय हनुमान मंदिर, घोसी मोहल्ला, पुरानी गल्ला मंडी और समीरगंज होते हुए पुनः रिजोदा रोड स्थित चौकी पहुंचा, जहां जुलूस का समापन हुआ।जुलूस में बैंड-बाजों के साथ धार्मिक धुनें बजाई जा रही थीं। इसके पीछे बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उत्साह के साथ चल रहे थे। जुलूस में थर्माकोल से निर्मित मक्का-मदीना का आकर्षक स्वरूप विशेष रूप से लोगों की श्रद्धा का केंद्र बना रहा।

एक पेड़ मां के नाम अभियान नबदेश्वर महादेव मंदिर परिसर वार्ड 4 में 300 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

नगर के नर्बदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बुधवार को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर परिसर में पहले से तैयार की गई सुंदर क्यारियों में करीब 300 पौधे लगाए गए। इनमें पाम, ड्यूरेंटा, अशोक, बेलपत्र, चंपा सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल हैं।वृक्षारोपण से मंदिर परिसर की सुंदरता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। वृक्षारोपण से मंदिर परिसर की सुंदरता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। पेड़ों की सुरक्षा के लिए परिसर में जालियां भी लगवाई गईं।इस अवसर पर पंडित युवराज जी राजोरिया, विकास शर्मा, कमलेश साहू (सांसद प्रतिनिधि), अवनीश जी राजोरिया, दिनेश धाकड़ (पार्षद), मंटी भील (पार्षद), रामसेवक सोलंकी, नानूलाल जी मीना, सुरेश मीणा, गोलू बुनकर, ओंकार पुजारी, घनश्याम फूजी, राजवीर धाकड़ एवं रामचरण लोधा उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

आगामी त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित



कुम्भराज। रक्षाबंधन और भुजरिया पर्व के मद्देनजर पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन नायब तहसीलदार राजेन्द्र श्रीवास्तव और थाना प्रभारी पंकज त्यागी की मौजूदगी में किया गया, भुजरिया पर्व पर लोगों का मिलन समारोह होगा, परस्पर भाई चारे के रूप में मनाया जाने वाला यह त्यौहार सादगीपूर्ण होगा। इस दौरान पूर्व में सुख नदी के किनारे पक्के घाट पर नगर परिषद द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती थीं, श्रेष्ठ प्रतिभागी को पुरस्कृत और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षो से वर्षो पुरानी यह परम्परा टूट गईं है और अब कोई आयोजन नहीं होता है।

रक्षाबंधन पर पुलिस जवानों की सूनी कलाइयों पर सजा बहनों का प्यार

चांचौड़ा। घर से दूर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को नन्हीं बालिकाओं ने थाने पहुंचकर बांधी राखी, मिठाई खिलाकर दिया सुरक्षा और स्नेह का संदेश। रक्षाबंधन पर्व पर जब पुलिस जवान कानून-व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हुए अपने घर नहीं पहुंच सके, तब श्री स्वामी रामानंद बाल गोकुलम स्कूल, बीनागंज की नन्हीं बालिकाएं उनके लिए बहन बनकर चाचौड़ा थाने पहुंचीं। प्री-प्राइमरी कक्षा की बालिकाओं ने थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया सहित पुलिस स्टाफ की कलाइयों पर राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया।



बालिकाओं ने पुलिस जवानों को मिठाई खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान बालिकाओं ने कहा कि पुलिसकर्मी त्योहारों पर भी अपने परिवार से दूर रहकर आमजन की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। ऐसे में उनकी सूनी कलाइयों पर राखी बांधना उनके लिए गर्व और खुशी का अवसर है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस जवानों ने भी बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी जानकारी दी। रक्षाबंधन के इस भावुक अवसर पर थाने में भाई-बहन के स्नेह और अपनत्व का माहौल नजर आया। नन्हीं बालिकाओं के हाथों से बंधी राखियों ने पुलिस जवानों की ड्यूटी के बीच परिवार और समाज के रिश्तों की मिठास घोल दी।वर्दी की जिम्मेदारी के बीच रिश्तों की डोर मजबूत हुई नन्हीं बहनों की राखी ने पुलिस जवानों को दिया स्नेह, सम्मान और सुरक्षा के लिए आभार का संदेश।

प्रवचन माला: रक्षाबंधन महामंडल विधान

व्यक्ति के व्यक्तित्व की पहचान उसकी वाणी से होती है: मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



रक्षाबंधन महामंडल विधान के अवसर पर औजस्वी वक्ता, महान तपस्वी, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने व्यक्ति की पहचानर विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा व्यक्ति दो तरह के होते हैं जो स्वयं को पहचान कर सत्मार्ग पर चलकर आत्म कल्याण करते हैं, हैं। दूसरे वह होते हैं जो दूसरों को पहचान कर उनके अनुरूप चलने का प्रयास करते हैं। मुनिराज ने कहा व्यक्ति की पहचान उसकी धन दौलत से नहीं होती, उसके अच्छे कपड़ों से नहीं होती, उसकी अच्छी क्रियाओं के माध्यम से भी नहीं होती, और हम व्यक्ति को उसके विचारों से भी नहीं जान सकते कि वह कैसा है। आज के जमाने में व्यक्ति गिरगिट की तरह रंग बदल लेता है। आपने कहा आधुनिक जमाने में गिरगिट भी आत्महत्या करने लगे हैं। गिरगिट के आत्महत्या नोट में लिखा मेरा काम समाप्त, अब मेरा काम मनुष्य करने लगे हैं। मुनि श्रमण सागर जी ने प्रवचन में तर्कों के माध्यम से बताया कि व्यक्ति का व्यक्तित्व उसकी वाणी से जाना जाता है। आपने कहा पुराने जमाने में नाती पोता अपने दादा-दादी के साथ खेलते थे और खेल-खेल में ही दादा-दादी उन्हें अच्छी संस्कार दे देते थे। आज का जमाना यह आ गया है कि माता-पिता अपने बच्चों को दादा-दादी से दूर रहने की हिदायत दे रहे हैं। पहले बच्चे आदर से माताजी, पिताजी, काका , मामा, मौसा कहते थे। आज मोबाइल का जमाना है आज बच्चे आदर देना भूल गये उन्हें 2 जी,3 जी,4 जी, 5 जी और जैन जी याद है। वचनों में सुधार करना होगा। वाणी को वीणा बनाओ वाण नहीं। रक्षाबंधन महामंडल विधान अनुष्ठान की धार्मिक क्रियाओं का शुभारंभ प्रातः 6:30 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा से हुआ। मुनि श्रमण सागर जी एवं ओंकार सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में उपसर्ग विजेता 300 मुनि राजों का भक्ति भाव से स्मरण कर उन्हें अर्थ चढ़ाए गए। धार्मिक अनुष्ठान के मार्गदर्शक बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य तरुण भैया इंदौर ने कहा सौभाग्य है कि इस विधान के माध्यम से 700 मुनि राजों की आराधना कर उन्हें अर्थ अर्पित किए जा रहे हैं। राघौगढ़ नगर में चातुर्मास कर रहे दो मुनि राजों के पावन सानिध्य में यह धार्मिक अनुष्ठान करने का सौभाग्य मिला है।

केंद्रीय विद्यालय के बच्चों की सुरक्षा को लेकर एसडीएम को आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



केंद्रीय विद्यालय विजयपुर में अध्ययनरत छोटे बच्चों की सुरक्षा एवं सुविधा को लेकर अभिभावकों ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय की जनसुनवाई में आवेदन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।अभिभावकों ने बताया कि GAIL प्रबंधन द्वारा बच्चों को लेकर आने वाले वाहनों को विद्यालय के गेट से करीब 500 मीटर पहले रोक दिया जाता है, जिससे छोटे बच्चों को पैदल विद्यालय तक जाना पड़ता है। संकरी सड़क, भारी वाहनों की आवाजाही और बारिश के दौरान कीचड़ व फिसलन के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अभिभावकों ने यह भी सवाल उठाया कि उसी GAIL परिसर में संचालित सत्य साईं विद्या विहार के बच्चों के वाहन विद्यालय के पास तक जा सकते हैं, तो केंद्रीय विद्यालय के बच्चों के साथ अलग व्यवस्था क्यों?अभिभावकों ने एसडीएम से मांग की कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वाहनों को विद्यालय के सुरक्षित स्थान तक जाने की अनुमति दी जाए तथा दोनों विद्यालयों के लिए लागू नियमों की निष्पक्ष जांच की जाए।

महंगाई के विरोध में एसयूसीआई का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

मेहनतकश वर्ग की पार्टी सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) SUCI(C) के आरोन इकाई के द्वारा स्थानीय अंबेडकर पार्क तहसील चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर के एस डी एम कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा। पार्टी के कार्यालय सचिव महेंद्र नायक ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि एक तरफ सरकार सार्वजनिक उपक्रमों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बिजली, रेलवे का लगातार निजीकरण किया जा रहा है जिससे रोजगार के अवसर घट रहे। जिससे भयंकर रूप से बेरोजगारी बढ़ रही है। वहीं दूसरी शक्कर,दाल, रिफाइंड तेल के दाम लगातार बढ़ाये जा रहें, बस किराये में अभूतपूर्व वृद्धि, पेट्रोल में ऐथेनॉल मिलावट से गम्भीर समस्याओं का सामना आम जनता को करना पड़ रहा है। सरकार विकास और सौंदर्य करण के नाम पर झुग्गीयों बस्तियों को निर्मम ढंग से तोड़ रही है। अमानवीयता की सभी सीमाओं को पारकर लोगों के घर, दुकान, ठेले, रेहडी पटरी को तोड़ा जा रहा है लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों को लिए सड़कों पर रहने पर मजबूर हैं। यह सब चंद उद्योगपतियों, पूंजीपतियों को मुनाफा देने के लिए सत्ताधारी बीजेपी के द्वारा किया जा रहा है। पूंजीवादी शासन व्यवस्था को सिर्फ चुनाव से नियंत्रित करना संभव नहीं है क्योंकि विपक्षी सत्तारूढ़ पार्टियां भी इसी व्यवस्था का एक अंग और पूंजीपतियों की भरोसेमंद सेवादार हैं।

दादा-दादी प्रेम, वात्सल्य और करुणा का सागर: वंदना कॉन्वेंट विद्यालय में मनाया "ग्रैंड पैरेंट्स" उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



वंदना कॉन्वेंट विद्यालय में "ग्रैंड पैरेंट्स" उत्सव को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के "नन्हें-मुन्नों" ने अपने नृत्य एवं शानदार प्रस्तुतियों के साथ सभी पधारे हुए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अभिभावकों को सम्मोहित किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्रीमती हितिका वासल, पुलिस अधीक्षक, क्राइस्ट स्कूल से आमंत्रित प्राचार्य फादर बाबू तथा विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जेन्सी, उपप्राचार्या सिस्टर विनिता, प्रीमियर सिस्टर अंजली, प्राइमरी इंचार्ज सिस्टर तारा, के.जी. इंचार्ज सिस्टर अनुपमा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर की पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से वंदना परिवार को अभिभूत किया। कार्यक्रम में क्राइस्ट स्कूल के प्राचार्य फादर बाबू भी उपस्थित रहे, तथा विशेष अतिथि के रूप में डॉ. धाकरे भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि आई.पी.एस. हितिका वासल ने अपने उद्बोधन में घर के बड़े-बुजुर्गों को परिवार की धुरी बताते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन माता-पिता तथा पोते-पोतियों के लिए इसी जड़ें हैं, जिससे परिवार फल-फूलता होता है। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जेन्सी ने अपने स्वागत वचनों से सभी का सम्मान करते हुए कहा कि बड़े-बुजुर्गों का प्रेम, वात्सल्य, करुणा और मार्गदर्शन पग-पग पर पूरे परिवार का मार्गदर्शन करता है। बच्चों को जहाँ वे एक कल्पवृक्ष की तरह अपनी स्नेह की छाया देते हैं, वहीं दूसरी ओर अपने अनुभव से उनका मार्गदर्शन करते हैं। जिस परिवार में घर के बड़े बुजुर्ग साथ होते हैं, वह परिवार सदा आनंद से भरा रहता है।फादर बाबू ने अपने उद्बोधन में बुजुर्गो को वट वृक्ष की उपमा देते हुए उनकी छाव में परिवार की रक्षा बताया।

दिल्ली में पुलिस बर्बरता के विरोध में 2 सितंबर को होगा आंदोलन



अशोकनगर। सवर्ण समाज अशोकनगर द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग को लेकर चल रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर चिंता जताई और वहां पुलिस-प्रशासन द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की।

सवर्ण समाज के प्रवक्ताओं ने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर विभिन्न संगठनों द्वारा आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर पूर्णतः शांतिप्रिय एवं लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया जा रहा है। किंतु दिल्ली पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियों को जबरन वहां से हटाने का प्रयास किया जा रहा है तथा उनके साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है, जो कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी का हनन है।

2 सितंबर को जिला स्तर पर उग्र प्रदर्शन का ऐलान: दिल्ली में आंदोलनकारियों के साथ हो रहे अन्याय और उत्पीड़न के विरोध में अशोकनगर जिले में सवर्ण समाज द्वारा आगामी दिनांक 02 सितंबर 2026 को जिला स्तरीय विशाल आंदोलन एवं विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है। इस आंदोलन में सवर्ण वर्ग के अंतर्गत आने वाले समस्त समाजों और संगठनों के प्रतिनिधि एवं नागरिक एकजुट होकर भाग लेंगे। समाज बंधुओं ने चेतावनी दी है कि यदि शांतिपूर्ण आंदोलनों को इस तरह दबाने का प्रयास किया गया, तो आंदोलन को और अधिक तीव्र किया जाएगा। सवर्ण समाज अशोकनगर ने जिले के अंतर्गत आने वाली समस्त सर्व-सवर्ण जातियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में एकजुट होकर 2 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले इस जिला स्तरीय आंदोलन में सम्मिलित हों और अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से करनी सेना के जिला अध्यक्ष गोविंद रघुवंशी, करणी सेना जीवन सिंह सेवपुर अध्यक्ष नरेंद्र शिकरवार, सवर्ण आर्मी जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष करणी सेना सुंदरम रघुवंशी, जिला महासचिव सवर्ण आर्मी धर्मेंद्र दुबे सहित आदि सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अशोकनगर में संघ शताब्दी वर्ष पर युवा संवाद का आयोजन

मुख्य वक्ता हेमंत सेठिया ने जिज्ञासाओं का किया समाधान

अशोकनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अशोकनगर में एक युवा संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 18 से 35 वर्ष के युवाओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने युवाओं से सीधा संवाद किया और उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं व प्रश्नों का समाधान किया। अपने संबोधन में सेठिया ने स्वभाषा, भूषा, भोजन और भारतीय परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने दिमागी नस्लवाद से बचने की सलाह दी और पंच परिवर्तन के विषय पर



विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भी खुलकर अपने विचार रखे और मन में उठ रही जिज्ञासाएं सामने रखीं, जिनका मुख्य वक्ता द्वारा उचित मार्गदर्शन एवं उत्तर दिया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं की उपस्थिति रही।

अशोकनगर पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को मात्र एक घंटे में किया दस्तयाब

अशोकनगर। अशोकनगर पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को मात्र एक घंटे में दस्तयाब कर दो आरोपी गिरफ्तार किये गए हैं। उल्लेखनीय है कि दिनांक 26.08.2026 को थाना ईसागढ़ पर फरियादी द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बहन को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ईसागढ़ में अपराध क्रमांक 366/2026, धारा 137 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गयां विवेचना में नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर एवं शादी का झांसा देकर मोटरसाइकिल से ले जाना पाया गया, साथ ही आरोपी विनय कुमार द्वारा पूर्व में पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर गलत कृत्य किए जाने संबंधी तथ्य भी सामने आए विवेचना में प्राप्त तथ्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 65 (1), 96 बीएनएस एवं धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को विधिवत जब्त किया गया। प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार, 1. विनय कुमार पुत्र सूरज सिंह, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम शुकरूल्लापुर, थाना करहल, जिला मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) 2. अरुण वघेल पुत्र रामप्रकाश वघेल, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम कठफौरी, थाना सिरसागंज, जिला फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश)। को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



बमनाई हवेली गांव में गौशालाओं का सहयोग और गायों की सेवा को लेकर गौसेवा यात्रा निकाली



अशोकनगर। अखिल भारतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष केपी यादव द्वारा गौसेवा यात्रा निकाली गई। सभी ग्रामीणों की सहमति से खेतों से हरी घांस लाकर गौशाला में लाई गई। यह इस तरह का एक प्रयोग था, इस तरह की गौसेवा यात्रा अन्य ग्रामों में भी निकाली जाएगी। इस गौसवा यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। मवेशियों के लिए हरा चारा और भूसे की व्यवस्था की गई थी।

ब्लड बैंक का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कमियां मिलने पर ब्लड बैंक इंचार्ज को हटाया, कर्मचारियों को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ब्लड बैंक में उपलब्ध व्यवस्थाओं, साफ- सफाई, रक्त संग्रहण एवं भंडारण सहित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान ब्लड बैंक की व्यवस्थाओं में कमियां पाए जाने तथा रिकॉर्ड अद्यतन नहीं मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. संदीप जैन को ब्लड बैंक इंचार्ज पद से हटाये जाने के निर्देश दिए। साथ ही ब्लड बैंक में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर तनुजा,लैब टैक्निशियन जितेन्द्र अहिरवार,संदीपधर द्विवेदी, गोलू जाटव, आरती चौहान व आकांक्षा उईके को कारण बताओ सूचना पत्र दिये जाने के निर्देश सिविल सर्जन को दिये। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ बी. एल. टैगोर साथ थे।

मुस्लिम समुदाय ने हर्षोल्लास से मनाया पैगंबर का जन्मोत्सव

रिमझिम बारिश के बीच निकाला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर





शहर सहित अंचल में बुधवार को ईद मिलादुन्नबी त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हालांकि बारिश शुरू हो जाने से इस बार हमेशा की तरह मदरसों के बच्चों की रैली नहीं निकाली गई लेकिन बड़ी संख्या में बच्चे भी अपने अभिभावकों के साथ छतरी लगाकर जुलूस में दिखाई पड़े।

विगत दिनों से प्रशासन के साथ मुस्लिम समाज के लोगों की आयोजित हुई बैठक में यह निर्णय लिया कि, मुस्लिम समाज ईद मिलादुन्नबी का जुलूस तो निकालेगा, लेकिन जुलूस में शामिल लोग पटाखे नहीं फोड़ेंगे और कोई ऐसा उत्तेजना पैदा करने वाला नारा नहीं लगाएंगे जिससे दूसरे धर्म से जुड़े लोगों को किसी तरह की आपत्ति उठाने का मौका मिले। शहर में तीन स्थानों से ईद मिलदुन्नबी का जुलूस निकाले गए जिसमें सबसे पुराना जुलूस वार्ड 22 क़र्बला रोड मदरसा फारुकिया से एवं दूसरा जुलूस वार्ड 1 किला बस्ती से तथा तीसरा जुलूस गांधी नगर मदरसा से निकाला गया। किला का जुलूस किला बस्ती से शुरू होकर जयस्तंभ से वापस किला बस्ती पहुंचा। दूसरा जुलूस करबला रोड से शुरू होकर छारबाग टीला मोहल्ला, सूबात चौराहा, मैन बाजार, पटेल चौक से शिवपुरी रोड होता हुआ सूबात चौराहा, भैंस पाड़ा होते हुए वापस करबला रोड पहुंचकर संपन्ना हुआ। तीसरा जुलूस गांधीनगर से निकला जो गांधी पार्क से वापस गांधीनगर पहुंचा। उधर विजयपुर, बड़ौदा, शिवलालपुरा आदि स्थानों पर ईद मिलादुन्नाबी पर जुलूस निकाले गए। जामा मस्जिद श्योपुर में हुए सीरतुन्नबी जलसा आयोजित किया गया जिसमें बच्चों

मदरसों के बच्चों को रखा जुलूस से दूर

ईद मिलादुन्नाबी के त्योहार के दिन बारिश हो जाने से मदरसे के बच्चों को भींगकर बीमार हो जाने से बचाने के लिए जुलूस से दूर रखा गया। निकाले जाने वाला जुलूस मुख्य रूप से मदरसों के बच्चों के साथ ही निकाला जाता है। इस दौरान शहर में एक सैंकड़ा के करीब मदरसों के हजारों बच्चे जुलूस में शामिल होते हैं। लेकिन बारिश आ जाने से मदरसा संचालकों ने बच्चों कों मदरसों में ही रोके रखा। और मदरसों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य आयोजन जामा मस्जिद सब्जी मंडी में सीरतुन्नबी जलसा के रूप में आयोजित किया गया।

द्वारा दी गई प्रस्तुति पर अंजुमन सदर अकरम खान ने उन्हें पुरस्कार बांटे। बाद में बाहर से आए मौलाना ने हुजूर पाक सल्लल्लाहु अलैहिवल्लम के जीवन पर प्रकाश डाला।

खबर संक्षेप

अज्ञात चोर 5 बाईक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम जारोली बुजुर्ग निवासी मुकेश आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीला धाम में टंकी के पास से अज्ञात चोर 5 बाईक चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने अज्ञातों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पानी में डूबने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम खिरिया कला निवासी मुकेश पुत्र बाबूलाल अहिरवार उम्र 30 साल की मरघट शाला के पास नाले के पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत 9 जुलाई को मोहन सिंह रघुवंशी की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई थी, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक भोलाराम रघुवंशी द्वारा की जा रही थी। जांच में पाया गया कि शशीबाई रघुवंशी, सीमाबाई, हल्कोबाई रघुंवशी, दिनेश, भास्कर, चन्द्रभान रघुवंशी और संपतबाई रघुवंशी द्वारा मृतक को परेशान किया गया जिससे मृतक ने जहरीला पदार्थ खा लिया था।

ऑनलाईन धोखाधड़ी कर 26 हजार रुपए निकाले

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत नगेश्री निवासी गौरव यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात आरोपी ने फरियादी के खाते से धोखाधड़ी पूर्वक 26 हजार रूपए ऑनलाईन ट्रांसफर करा लिए। इसी प्रकार कोतवाली थाने के अंतर्गत विपिन पुत्र पूरनचंद जैन निवासी बिलाला मिल अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी ने फरियादी के साथ साइबर फ्रॉड कर 32700 रूपए की धोखाधडी की है। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कारीगर मोहल्ला इन्द्रापार्क निवासी इन्द्रेश जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णगोपाल कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी भगवान सिंह साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा भदौरिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पांडरी निवासी रचना अरिहवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति नेतराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत संहपुर ताल निवासी जंयतीबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू, बबलू और शिवानी अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पाठखेडा निवासी करण सिंह जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राकेश कल्ला, और महेन्द्र जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर अब 29 अगस्त को कदवाया में

अशोकनगर। रक्षाबंधन पर्व के कारण ईसागढ़ विकासखंड के ग्राम कदवाया में 27 अगस्त गुरुवार को आयोजित होने वाला मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर अब 29 अगस्त 2026 शनिवार को आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 03 सितंबर गुरुवार को ग्राम पंचायत केशलोन तहसील मुंगावली के स्थान पर ग्राम पंचायत खुजराई तहसील पिपरई में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर साकेत मालवीय के आदेशानुसार शिविर की तिथि , स्थान में परिवर्तन किया गया है। शिविर में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण करने के साथ-साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

महिलाएं अपने भाई की कलाई पर राखी पंसद करते हुए आईं नजर

रक्षा बंधन के त्यौहार पर राखी का सजा बाजार, खरीदारों की उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक रक्षा बन्धन के त्यौहार में अब कुछ घण्टे शेष हैं। लेकिन इस त्यौहार को लेकर खरीददारी का दौर जारी है। पूरे शहर में राखी की सैकड़ों दुकाने सजी हैं। इन दुकानो पर राखियां भी एक से बढ़कर एक हैं। महिलाएं अपनी पसंद की राखियां बाजार में खरीदती नजर आईं। राखियों के साथ शहर के बाजारों में भी रक्षा बन्धन के त्यौहार की धूम है। महिलाएं अपनी पसंद की सामग्री क्रय करने में लगी हैं।

रक्षा बन्धन का त्यौहार भाई-बहन के लिए खुशियों का संदेश लेकर आता है। यह त्यौहार हमारी पावन संस्कृति का प्रतीक भी है। इस त्यौहार पर बहनों में असीम उत्साह देखा जाता है। बहनें भाईयों के घर पहुंचती हैं और भाई बहन को लेने जाते हैं। कभी एक दौर था जब बड़ें स्तर की राखीयों का प्रचलन बाजार में हुआ करता था। लेकिन अब छोटी राखियां ज्यादा पंसद किए जाने लगी हैं। इन राखियों को बाहर रहने वाले भाईयों को भेजने में आसानी होती है। सराफा व्यापारियों के यहां सोने और चांदी की राखियां भी उपलब्ध हैं।

गांधी चौक पर मिल रही है रक्षा बन्धन के त्यौहार पर तरह-तरह की सामग्री

इस त्यौहार पर शहर का गांधी चैक रक्षा बन्धन के रंग में रंग गया है। रेशमी धागों की राखियों की दुकाने गांधी प्रतिमा के चारों ओर लगी हैं। इन राखियों की दुकानों के साथ बाजार में रूमाल भी खूब बिक रहे हैं। शकर से बने हाथी-घोडा भी बरसों से यहा बिकते आ रहे हैं। इसके अलावा कई कंपनियों की सोनपपडी के पैकेट और वेसन के लडडू भी इस त्यौहार पर बिक रहे हैं। त्यौहार पर नारियलों की बिक्री भी खूब हो रही है। यहां नारियल 18 से 20 रूपये में बिक रहा है। बहनों को भाईदूज त्यौहार पर अपनी क्षमता अनुसार सामग्री प्रदान करते हैं। इस दौरान महिलाएं सजती-संवरती हैं और ब्यूटीपार्लरों से लेकर सिंगार सामग्री की दुकानों पर भी भीड़ है।





घर पर पकवान बनाने में अधिक रूचि

रक्षा बन्धन के इस त्यौहार पर मिठाई विक्रेताओं से लेकर किराने की दुकानों पर भी अच्छी ग्राहकी है। कोई मिठाई की दुकान से खरीदी कर रहा है तो अनेक लोग बाजार की दुकानों की जगह खर पर बनाए जाने वाले पकवानों को अधिक पसंद कर रहे हैं। लेकिन इनके अलावा कंपनी पैक आइटम भी इस त्यौहार पर लोगों की पसंद बने हुए हैं। लडडू,सोनपपड़ी और रसगुल्ला बाजार में पैक डिब्बों में बिक रहे हैं। शहर भर की सभी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ है। इस इलाके से आने जाने वाली बसों और ट्रेनों में भी महिलाओं का आवागमन हो रहा है। बाजार में मिठाई पर चीनी के महंगाई का असर है।

जगह-जगह हुआ स्वागत

ईद ए मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज ने निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बुधवार को मुस्लिम समाज द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के रूप में सद्भावना और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस दौरान जामा मस्जिद से जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज जन शामिल हुए जुलूस में जामा मस्जिद के मौलाना बग्गी पर सवार होकर चल रहे थे जबकि घुड़सवार धर्मध्वजा लेकर जुलूस की अगवानी कर रहे थे जुलूस का कस्बे में जगह-जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

जुलूस की शुरुआत बुधवार सुबह 10 बजे जामा मस्जिद से शुरू हुई जुलूस निचला बाजार,पावर हाउस, बस स्टैंड, मेन मार्केट, हाट परिसर और ब्राह्मण मोहल्ला होते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंचा पूरे मार्ग में लोगों ने उत्साह के साथ जुलूस का स्वागत किया जामा मस्जिद पहुंचने के बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान किया गया इसके पश्चात मौलाना ने तकरीर पेश कर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन, उनके संदेश और आपसी प्रेम भाईचारे एवं सद्भावना का महत्व बताया ईद मिलादुन्नबी के आयोजन के दौरान नगर में आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। ईद ए मिलादुन्नबी जुलूस का रास्ते में कई जगह नाश्ता एवं जलपान कराकर स्वागत किया गया इस मौके मैं निगरानी पर नईसराय थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का समाज करेगा सम्मान

सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बुधवार को लक्ष्मण मंदिर चंदेरी पर सर्व ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के समाजजन उपस्थित हुए। बैठक में सर्व सहमति से तय किया गया कि समाज के बच्चे जो उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं उनका सम्मान समारोह समाज के द्वारा जल्द ही किया जाएगा।

इस हेतु विचार विमर्श किए गए लिया कि जल्द ही समाज भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम करेगा जिसमें बड़ी संख्या में समाज पौधों रोपण का कार्य करेगा। साथ ही समाज ने बैठक में निर्णय लिया कि 27 सितंबर 2026 को पुनः बैठक लक्ष्मण जी मंदिर परिसर में होगी जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के सम्मान समारोह की विस्तृत भूमिका व संगठन की रूपरेखा बनाई जाएगी। उक्त आयोजित बैठक में केदार नारायण मिश्रा, पुरुषोत्तम नारायण पटेरिया, शंकर सहाय गोस्वामी, रामबाबू दुबे, श्रीकांत भार्गव, शिवकांत चतुर्वेदी, संजीव मिश्रा, राजीव शांडिल्य, सुदामा प्रसाद बबेले , शोभाराम चैबे , सोनू चैबे , रिंकू , सिद्धार्थ श्रोत्रिय , अनुज दुबे , आशीष तिवारी, नीरज चैबे , रोहित दुबे , गौरव पटेरिया , शिवेश शर्मा, रविकांत चतुर्वेदी, बालेंद्र शर्मा , डॉ योगेश मिश्र , संजीव चैबे , दीपक बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में सर्व ब्राह्मण समाज के समाजजन उपस्थित हुए।

साथ ही सर्व ब्राह्मण समाज के समाज बंधुओ ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी एक अच्छा संदेश दिया उन्होंने प्रण बैठक में प्रण लिया की पर्यावरण को बचाने के लिए हर सदस्य एक पौधा अवश्य लगाएगा साथ ही आजीवन उस पौधे की देखभाल भी करेगा समाज के लोगों ने बैठक में कहा कि दिनों दिन पेड़ों को काटा जा रहा है जिससे पर्यावरण के प्रति काफी नुकसान हो रहा है पर्यावरण संरक्षण को बचाओ के उद्देश्य से समाज ने बैठक में फैसला



अशोकनगर विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर संपन्न

अशोकनगर। करुणा निधी सेवा समिती के तत्वावधान में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से राष्ट्रीय अन्धत्व निवारण कार्यक्रम के अन्तर्गत 80 मरीजों की जाँच और 27 को चिन्हित कर श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय सद्गुरु नगर आनन्दपुर तह. लटेरी जिला विदिशा भेजा गया। करुणा निधी सेवा समिती प्रत्येक माह के चैथे मंगलवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में कराती है। इसमें रोटरी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर डा. अनीश शुक्ला, डा. शिव गणेश, करुणा निधी समिती अध्यक्ष माधवसिंह करैया, कोषाध्यक्ष पारस चंद जैन, सहसचिव प्रदीप शर्मा, मानफुचन्द जैन, रोटेरीयन अजीत जैन आदि उपस्थित रहे।

कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा

कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



देश में लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में वुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी, अशोकनगर के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्योहार के समय शक्कर सहित रोजमर्रा की जरूरतों की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। ध्यान आकर्षित किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई की सबसे अधिक मार गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रही है। शक्कर, खाद्य तेल, गैस एवं रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम और खुशियों का पर्व है, लेकिन महंगाई ने इन खुशियों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है।

कांग्रेस ने सरकार से सवाल किया कि त्योहारों के समय भी

कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा तुलसी पार्क से पैदल मार्च शुरू किया गया, जो सुभाष गंज मेन बाजार एवं गांधी पार्क होते हुए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा। यहां बढ़ती महंगाई और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ ज्ञापन सौंपकर सरकार से आम जनता को राहत देने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम लोगों को शक्कर वितरित कर अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया और बढ़ती महंगाई के खिलाफ सरकार का जनता को महंगाई की मार क्यों झेलनी पड़ रही है और आम लोगों को राहत कब मिलेगी? जिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। जनता की आवाज और जनता के हक के लिए कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। इस दौरान विधायक इंजी. हरिबाबू राय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह सहित कांग्रेस परिवार के साथीगण एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

शहर में ईद मिलाद उन नवी पर चल समारोह निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



इस्लाम के संदेश वाहक हजरत मोहम्मद साहब का जन्म ईद मिलाद उन नवी के रूप में मनाया जाता है। जिसे बारह बफात भी कहते हैं। इस मौके पर शहर में एक चल समारोह निकाला गया जो शहर के विभिन्न मार्गों से निकला। पुराने वस स्टेण्ड के साथ इन्द्रा पार्क व अन्य स्थानों पर चल समारोह का स्वागत किया गया।

इस चल समारोह में समाज के प्रमुखजनों को बग्गियों पर बैठने का मौका मिला। कई झांकी भी सजाई गईं थी। कहा जाता है कि हजरत मोहम्मद खुदा के अंतिम संदेश वाहक थो उन्होंने मुसलमानों को सादगी, सच्चाई और ईमानदारी का पाठ सिखाया। यह भी कहा जाता है कि ईद मिला उन नवी की पहली रात में एक समय ऐसा आता है कि मुंह मांगी प्राथना भी कुबूल हो जाती है। जिस तिथि को हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था उसी तिथि को उनकी मृत्यु हुई थी इसलिए इसे बारह बफात भी कहते हैं। शहर में यह चल समारोह पुराना बस स्टेण्ड, गांधी पार्क, स्टेशन रोड, बिलाला मिल रोड, इन्द्रापार्क, नेहरू पार्क होते हुए निकला। इस चल समारोह में अंजूमन इस्लाम कमैटी के पदाधिकारी और कई मस्जिदों के इमाम भी शामिल थे। विधायक हरिबाबू राय द्वारा चल समारोह में शामिल लोगों को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। चल समारोह में बच्चों के साथ युवाओं और बुजुर्गों ने भी भाग लिया। इस तरह यह चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया गया और शुभकामनाएं दी गईं।

कलेक्टर ने किया जिला जेल में पौधारोपण



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को जिला जेल में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक श्री ललित दीक्षित से जिला जेल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी। उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने जेल परिसर के विभिन्न बैरकों, रसोईघर एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बंदियों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

शिव शक्ति कांवड़ यात्रा में उमड़ा बहनों का उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शिव शक्ति मंडल की बहनों द्वारा भगवान भोलेनाथ की भक्ति में भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। महाकाल की लाडली बहनों ने त्रिवेणी के देवखेड़ी तट से जल भरकर पैदल कावड़ यात्रा प्रारंभ की और कावड़ लेकर तार वाले बालाजी मंदिर पहुंचीं। यहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया।

इस अवसर पर शिव शक्ति मंडल की अध्यक्ष आकांक्षा जाटव ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कावड़ यात्रा में शामिल होकर सभी बहनों ने मां भगवती पार्वती के आशीर्वाद से इस यात्रा को सफल बनाया है। यात्रा के दौरान भक्तों द्वारा जगह-जगह कावड़ यात्रियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि मातृशक्ति सदैव पूजनीय है और नारी शक्ति स्वयं दुर्गा का स्वरूप है। शिव शक्ति मंडल द्वारा बहनों की यह कावड़ यात्रा निकाली गई, जिसका हम हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि बहनों की बड़ी संख्या में सहभागिता और उत्साह देखकर निश्चित रूप से अन्य बहनों को भी धार्मिक आयोजनों में आगे आने की प्रेरणा मिलेगी।

भोपाल रायसेन और विदिशा में बारिश के बाद राजघाट डैम का बढ़ा जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सीमा पर बने राजघाट डेम में पानी का जल स्तर बढ़ने के बाद इस सीजन में पहली बार 8 गेट खोले गए हैं। भोपाल, विदिशा और रायसेन जिलों में पानी का जल स्तर बढ़ने के बाद राजघाट बांध में भी पानी का जल स्तर बढ़ गया है। कैचमेंट एरिया और ऊपरी इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश का असर अब बांध पर साफ देखने को मिल रहा है। राजधानी भोपाल, रायसेन और विदिशा सहित आसपास के क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते राजघाट बांध जलमग्न होकर उफान पर आ गया है। गुरुवार सुबह 8 बजे वर्ष 2026 में पहली बार बांध प्रशासन को जलस्तर नियंत्रित करने के लिए इसके गेट खोलने पड़े। बांध के कुल 8 गेट खोलकर 54,748 क्यूसेक पानी प्रति सेकेंड नदी में बहाया जा रहा है।



निचले इलाकों में बढ़ाई गई निगरानी


प्रशासन अलर्ट मोड पर एमपी-यूपी सीमा से सटे निचले गांवों में मुनादी कराकर लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की हिदायत दी गई है। बांध स्थल पर जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी लगातार जलस्तर और पानी की आवक (इन्फ्लो) पर नजर बनाए हुए हैं। सीजन की इस पहली बड़ी जल निकासी के बाद नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में जलभराव और सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक अमला मुस्तैद हो गया है।

बांध प्रशासन का बयान

ऊपरी क्षेत्रों से लगातार भारी आवक जारी है।यदि भोपाल-विदिशा और रायसेन बेल्ट में बारिश का यह सिलसिला यूं ही जारी रहा, तो आने वाले दिनों में बांध के और अधिक गेट खोले जा सकते हैं। ऐसी स्थिति में पानी का डिस्चार्ज बढ़कर लाखों क्यूसेक तक पहुंच सकता है।

श्रद्धान, ज्ञान और चारित्र के मेल का ही मार्ग है: मुनिश्री निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइन्स आफ लिविंग के इस सत्र में पूज्य मुनिवर ने कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व में ज्ञान की इतनी अधिकता है। जिसके दुरूपयोग के कारण ही विश्व विनाश के दरवाजे पर खड़ा है। यदि ज्ञान के साथ श्रद्धान भी समिच्चिन हो जाये तब उसी ज्ञान के कारण सभी अपना विकास कर सकते हैं। और यहाँ तक की उस भगवत सत्ता को भी प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जैसा हमारा श्रद्धान होता है, हमारा ज्ञान भी उसी श्रद्धान के अनुरूप हो जाता है। और फिर वही बात चारित्र में भी झलकने लगती है। अगर हमारा श्रद्धान सही है, समिच्चिन है, सम्यक है, तो हमारा ज्ञान भी सही होता है। और वही समिच्चिनता हमारे आचरण में भी दिखती है। आज विश्व में जो आतंक का वातावरण निर्मित हो रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है, गलत श्रद्धान। और उस गलत श्रद्धान के कारण ज्ञान भी गलत की ओर ही जा रहा है और इस उल्टे ज्ञान से, गलत ज्ञान का परिणाम भी गलत ही प्राप्त हो रहे हैं। आज विश्व भारत की ओर देख रहा है। आज विश्व भगवान महावीर स्वामी के इस सन्देश की ओर देख रहा है, जिसमें अहिंसा है, सत्य है, प्रेम है, करूणा है, दया है, वात्सल्य है। वह सन्देश है जीओ और जीने दो। यह भगवान महावीर का बनाया संविधान है। इस संविधान में सभी जीवों को समानता के साथ जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। यह सिद्धान्त वसुधैव कुटुम्बकुटुम्बम का सिद्धान्त है।

आरएसएस का युवा संवादः युवा ऊर्जा को सही दिशा मिले तो राष्ट्र निर्माण को मिलेगी नई

युवाओं से अध्ययन, स्वावलंबन, कर्तव्य और वैचारिक सतर्कता को हिस्सा बनाने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से राजगढ़ के राजबाग में विगत दिवस आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं के सामने राष्ट्र निर्माण, परिवार के संस्कार, स्वावलंबन, डिजिटल दौर की चुनौतियों और सामाजिक जिम्मेदारियों को लेकर व्यापक वैचारिक विमर्श हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत सह कार्यवाह संतोष मीणा ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ऊर्जा है। इस ऊर्जा को सही दिशा और सकारात्मक गति मिल जाए तो युवा राष्ट्र निर्माण की मजबूत ताकत बन सकता है।

युवा की पहली योग्यता उसकी देश भक्ति है

मुख्य वक्ता ने कहा कि युवा की पहली योग्यता उसकी देशभक्ति है। अमीर या गरीब होना उसकी क्षमता का अंतिम पैमाना नहीं है। उन्होंने 'युवा' और 'वायु' का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह वायु निरंतर गतिशील रहती है, उसी तरह युवाओं में भी अपार ऊर्जा होती है। जरूरत इस ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने की है। उन्होंने कहा कि युवा का पहला गुरु उसका परिवार है, जहां से उसे अनुशासन, संवेदना, निष्ठा और राष्ट्रबोध के संस्कार मिलते हैं। संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विजयादशमी उत्सव में संचलन, घर-घर संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, प्रमुख लोगों के साथ गोष्ठी और समाज के प्रमुख व्यक्तियों से संवाद जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं। इसी क्रम में देशभर में युवाओं के बीच जाकर वैचारिक संवाद स्थापित करने का अभियान चलाया जा रहा है।

वर्तमान में मनोवैज्ञानिक स्तर पर चुनौतियां है

उन्होंने सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन सूचनाएं आगे बढ़ाने से बचने की अपील की। कहा कि वर्तमान समय में वैचारिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी चुनौतियां हैं, इसलिए युवाओं को अध्ययन और विवेक के माध्यम से सही-गलत की पहचान करनी होगी। उन्होंने युवाओं से बेरोजगारी की शिकायत करने के बजाय आसपास की समस्याओं को पहचानकर उनके समाधान का हिस्सा बनने का आह्वान किया। गौ-सेवा को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने, विदेश जाकर ज्ञान और व्यापार का विस्तार करने के साथ मातृभूमि के प्रति संवेदना बनाए रखने तथा भ्रष्टाचार से मुक्ति की शुरुआत परिवार से करने पर भी जोर दिया गया।

युवा अधिकारों के साथ संविधान के मौलिक कर्तव्य को समझे

मुख्य अतिथि ने युवाओं से कहा कि वे अधिकारों के साथ संविधान में दिए मौलिक कर्तव्यों को भी समझें। उन्होंने कहा कि बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए गूगल पर निर्भर रहने के बजाय पुस्तकों और गंभीर अध्ययन की आदत विकसित करनी होगी। करियर का उपयोग समाज सेवा में भी किया जाना चाहिए। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ का मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। कार्यक्रम में संदेश दिया गया कि सशक्त, संस्कारित और जागरूक युवा ही मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है।

इंसानियत के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाया गया

ईद मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस, अंजुमन की निगरानी में नौजवान जमात ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

शहर मुस्लिम समाज द्वारा अकीदत और आपसी भाईचारे के साथ मनाया। इस रूहानी अवसर पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन ब्यावरा की सरपरस्ती में मुस्लिम नौजवान जमात द्वारा एक ऐतिहासिक व शानदार जुलूस निकाला गया। जुलूस में बुजुर्गों नौजवानों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे रास्ते नात-ए-पाक और दरूदो-सलाम की गूंज से माहौल खुशनुमा बना रहा। जुलूस के जरिए पैगंबर साहब द्वारा दिए गए अमन मोहब्बत रहमदिली और इंसानियत के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाया गया। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरे इस जुलूस का जगह-जगह विभिन्न सामाजिक व स्थानीय लोगों द्वारा गर्मजोशी और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन शांति और कौमी एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में मुस्लिम नौजवान जमात के कार्यकर्ताओं ने सराहनीय योगदान दिया।

पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौमे विलादत का मुबारक मौका

अमन और सद्भाव के रास्ते पर चलें इकबाल हुसैन

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर इक़बाल हुसैन ने सभी समाजजनों को पर्व की मुबारकबाद देते हुए कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी इंसानियत को प्रेम दया और भाईचारे का संदेश दिया है। उनके बताए असूलों और रास्ते पर चलकर ही समाज में स्थायी शांति और सौहार्द कायम रखा जा सकता है। जुलूस के सफल समापन पर मुस्लिम नौजवान जमात के सदर जावेद खान ने पुलिस प्रशासन नगर पालिका और प्रशासनिक टीम का बेहतरीन सुरक्षा व सफाई व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ जन व गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

इस मुकद्दस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती हाशिम अजहरी हाफिज शहजाद खान हाफिज महफूज आलम जामा मस्जिद कमेटी सदर सैयद मोहम्मद अली सैयद वकार अली हाजी नासिर हुसैन कुरैशी सैयद इमरान अली कल्लू भाई मंसूरी रईस खान इफ्तेखारउद्दीन मैया शादाब हुसैन कमरुद्दीन खान युनुस अहमद फिरोज लाला नवाब खान साकिब हुसैन कुरैशी इरशाद अंसारी सैयद शौकत अली अनीस खान समीर खान अनवर हुसैन भय्यू सैयद आफताब हुसैन मोहम्मद हुसैन अन्नू गौरी प्रिंस सैयद सद्दाम गद्दी इरशाद हैदर इमरान हैदर मुनव्वर बाबा नुरूद्दीन राइन राजू भाई वेल्डिंग रिजवान अंसारी सैयद अलीम शाहरुख खान अमजद मंसूरी अशफाक खान कासिम हसनैन अली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गांधी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए चयन

कानरखेड़ी की बेटी पूजा गोस्वामी ने रचा इतिहासः नीट पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

प्रतिभा किसी बड़े शहर या सुख-सुविधाओं की मोहताज नहीं होती, इसे सच कर दिखाया है छोटे से गांव कानरखेड़ी की होनहार बेटी पूजा गोस्वामी ने। पूजा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में शानदार सफलता हासिल करते हुए प्रतिष्ठित गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए अपना स्थान पक्का किया है। गांव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी बेटी ने यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है।

मुसीबतों से लड़कर लिखी सफलता की इबारत

पूजा का यह सफर संघर्षों और प्रेरणा की मिसाल है। बचपन में ही उनके सिर से माता-पिता का साया उठ गया था। माता-



पिता के गुजर जाने के बाद पूजा अपने ननिहाल में ही पली-बढ़ीं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उनके नाना चिरोंजी पुरी और मामा लखन पुरी ने कभी उनका हौसला टूटने नहीं दिया। नाना और मामा ने हर मोड़ पर पूजा का संबल बनकर उनकी पढ़ाई को निरंतर जारी रखा। पूजा ने भी उनके विश्वास को टूटने नहीं दिया और अपनी अटूट लगन व अनुशासन से यह मुकाम हासिल कर अपने ननिहाल, समाज और समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित किया।

गांव में जश्न, बधाई देने वालों का तांता

जैसे ही पूजा का चयन पत्र घर पहुंचा, पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल बन गया। ग्रामीण और समाज के गणमान्य लोग पूजा के घर पहुंचकर उन्हें, उनके नाना और मामा को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूजा की इस सफलता ने गांव के अन्य बच्चों और बेटियों को विपरीत परिस्थितियों में भी बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की एक नई राह दिखाई है। सीमित संसाधनों और मुश्किलों के बीच पाई गई यह कामयाबी पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

कक्ष 24 घंटे खुला रहेगा, कर्मचारियों की चार पालियों में ड्यूटी लगाई गई

बाढ़ नियंत्रण कक्ष में ताला, आदेश के बावजूद 24 घंटे ड्यूटी पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

राजगढ़ जिले में मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा की चेतावनी के बीच प्रशासन ने बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद सारंगपुर में बाढ़ नियंत्रण कक्ष में ताला लगा मिलने से प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। तहसीलदार परगना सारंगपुर द्वारा 17 अगस्त 2026 को जारी संशोधित आदेश में आगामी वर्षाकाल को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की चार पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। आदेश के अनुसार पहली पाली सुबह 6 से दोपहर 12 बजे, दूसरी दोपहर 12 से शाम 6 बजे, तीसरी शाम 6 से रात 12 बजे तथा चैथी पाली रात 12 से सुबह 6 बजे तक रहेगी।



कर्मचारियों को बाढ़ नियंत्रण कक्ष में अपने नाम के सामने दर्शाए समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे खुला रहेगा तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी बाढ़ एवं अन्य आपदा संबंधी सूचनाएं प्राप्त होने पर तत्काल प्रभारी अधिकारी को अवगत कराएंगे। कर्मचारियों को ड्यूटी समाप्त होने के बाद रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं, आदेश में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कर्मचारी अनुपस्थित मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बुधवार को हमारे संवाददाता ने दोपहर 3 बजे तहसील परिसर में स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया तो कक्ष में ताला लगा मिलना प्रशासन के आदेशों की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े करता है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस लापरवाही पर क्या कार्रवाई करते हैं।

इनका कहना है...

हां बाढ़ नियंत्रण कक्ष चैबीस घंटे खुला रखने का निर्देश है लेकिन पानी नहीं गिरने के कारण कोई कार्यालय में उपस्थित नहीं होगा, फिर भी में दिखवाता हूँ।

रणधीर सिंह मीणा
कार्यपालिका मजिस्ट्रेट सारंगपुर

रक्षाबंधन से पहले बाजारों में बढ़ी रौनक, जमकर की गई खरीदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरावर

रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बुधवार को सुबह से ही बाजारों में माताओं और बहनों की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने रक्षाबंधन की तैयारियों को लेकर कपड़ों, राखी, गोला-नारियल, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की। राखी की दुकानों पर रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों की खूब मांग रही। वहीं कपड़ों, मिठाई और अन्य दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही। त्योहार के चलते बाजारों में बढ़ी चहल-पहल से व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे। रक्षाबंधन से पहले पूरा बाजार गुलजार नजर आया।

समागम सम्मान से नवाजे गए साहित्यकार संजय सक्सेना



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

जिले के साहित्यकार संजय सक्सेना को भोपाल में आयोजित समारोह में समागम सम्मान से सम्मानित किया गया। बुधवार को इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिष्ठित संस्था लोक प्रकाशन ने भोपाल हाट स्थित सभागार में किया था। लोक प्रकाशन विगत 26 वर्षों से शोध एवं संदर्भ आधारित प्रकाशन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर 'समागम' का प्रकाशन कर रही है। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं वर्तमान में मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा रहे। समारोह में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर संजय द्विवेदी, हिंदी साहित्य अकादमी के निदेशक विकास दवे, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चैबे, अधिवक्ता सुश्री गुंजन चौकसे, वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता, साहित्यकार मनोज कुमार सहित भोपाल के अनेक वरिष्ठ साहित्यकार, रंगकर्मी एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

चिंतामणेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार कर किया विशाल भंडारे का आयोजन

एक माह से चल रही अखंड रामायण पारायण का पुर्णाहुति कर निकाला गया चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

नगर के फोरलेन बाईपास किनारे देवकुआ स्थित अति प्राचीन चिंतामणेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा विगत एक महा पूर्व से प्रारंभ हुई अखंड रामायण पारायण का बुधवार को हवन यज्ञ व चल समारोह निकाल कर समापन किया गया।

सभी यजमानों द्वारा हवन यज्ञ मे आहुतियां देकर नगर व क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही रामायण महारानी का चल समारोह देव कुआं मंदिर से प्रारंभ होकर पछेटवाडी बडी होली पंडित वाडी विट्ठल मंदिर गांधी चोक सदर बाजार महाकाल चोराहा सब्जी मंडी बनियावाडी होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुँच कर समापन किया। तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे महिला पुरुष व बच्चों ने महा प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। पुजारी पं हरिश पुरी गोस्वामी ने बाबा चिंतामणेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया।



झंडा मंडली का किया आयोजन

मंगलवार रात्रि कोमंदिर परिसर मेंझंडा मंडली का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम कांकरिया, खारिया किडी, किशनपुरा, सईदाबाग, एहसानपुरा, तारागंज, तलेनी, फूलपुर सहित अन्य गाँव की भजन मंडलियों ने शामिल होकर अपनी अपनी बारी बारी से एक से बढकर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजनो व ढोलक की थाप पर श्रृद्धालु जमकर थिरके। इस दौरान कैलाश पुष्पद, भगत मुकेश पुष्पद, प्रदीप पुष्पद, सुनील राठौर, राजेश वर्मा, कमलेष राठौर, बंषीलाल पुष्पद, विष्णु पुष्पद, सेसराम मीणा, जितेन्द्र पुष्पद, निर्मल पचलानिया, राधेश्याम सहित बडी संख्या में श्रृद्धालु शामिल हुए।

अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा की स्मृति में मनाया नगर गौरव दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭खुजनेर

नगर परिषद खुजनेर द्वारा 26 अगस्त को नगर गौरव दिवस के रूप में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा की स्मृति में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद सभाकक्ष में शहीद के भाई हरीश विश्वकर्मा का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका, नगर पालिका अध्यक्ष कैलाशी बाई, विधायक अमर सिंह यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंकज शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष सुरेश दांगी ने अपने उद्बोधन में शहीद मनीष विश्वकर्मा के माता-पिता के त्याग और देशभक्ति की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहीद के माता-पिता ने अपने दोनों बेटों को देश की रक्षा के लिए सेना में भेजकर राष्ट्र के प्रति समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया है। अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा सदैव अमर रहेंगे और युवाओं को देशभक्ति की प्रेरणा देते रहेंगे। वे खुजनेर नगर का गौरव हैं कार्यक्रम में वंदे मातरम् का गायन किया गया। सेवानिवृत्त सैनिक बाबूलाल यादव का स्वागत किया गया वहीं कवि सुनील नागर 'सरगम' ने शहीद मनीष विश्वकर्मा के जीवन पर आधारित कविता प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। इसके बाद स्व. जमनालाल गुप्ता पार्क में पौधरोपण किया गया।

जहां था जंगल, आज गूंजती आस्था, साकार हुआ अंजनीलाल धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

कभी घने जंगल, कंटीली झाड़ियों और दुर्गम रास्तों के बीच एक छोटे से चबूतरे पर विराजमान भगवान श्री अंजनीलाल जी का स्थान आज श्रद्धा, सेवा और संकल्प के भव्य



केंद्र श्री अंजनीलाल धाम के रूप में पहचान बना चुका है। करीब 52 वर्ष पहले कुछ युवाओं ने जिस निर्जन स्थल पर सेवा का संकल्प लिया था, वह संकल्प आज एक भव्य धार्मिक एवं सामाजिक केंद्र का स्वरूप ले चुका है। वर्ष 1972-73 में कुछ युवाओं ने खुले आसमान के नीचे विराजमान भगवान श्री अंजनीलाल जी की प्रतिमा के लिए छाया की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। करीब 1500 रुपये की लागत से प्रस्तावित टीन शेड



के लिए युवाओं ने आपसी सहयोग और जनसहयोग से राशि जुटाई। एक छोटे से प्रयास से शुरू हुई यह यात्रा आगे चलकर मंदिर के निरंतर विकास की आधारशिला बनी।वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और श्रद्धालुओं के सहयोग से युवाओं ने मंदिर समिति का गठन किया। समिति के सदस्यों ने स्वयं श्रमदान किया और जनसहयोग से विकास कार्यों को गति दी। दान राशि के पारदर्शी उपयोग और सेवा भावना ने समाज में विश्वास कायम किया और धीरे-धीरे इस स्थान का स्वरूप बदलता चला गया।

आज यहां मकराना मार्बल से निर्मित भव्य श्री अंजनीलाल मंदिर, विशाल शिवालय, दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित श्री राम-जानकी मंदिर, विशाल सभा भवन, आरोग्य भवन, यज्ञशाला, सुंदर पार्क, कार्यालय भवन और विशाल मंदिर द्वार श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। स्वच्छ एवं सुंदर परिसर और अजनार नदी के तट का प्राकृतिक परिवेश इस धाम की सुंदरता को और बढ़ाता है।

एक परंपरा, जो बनी आध्यात्मिक पहचान, प्रवचन से महोत्सवों तक बढ़ता रहा कारवां

वर्ष 1974 की चैत्र नवरात्रि में मंदिर पर कलशारोहण के साथ प्रवचन परंपरा की शुरुआत हुई। समय के साथ यहां नवरात्रि महोत्सव, हनुमान जयंती, शरद पूर्णिमा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होने लगे। संत-महात्माओं और विद्वानों के प्रवचनों ने इस धाम की आध्यात्मिक पहचान को और मजबूत किया। श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री कैलाश गुप्ता टाटा के अनुसार, मंदिर निर्माण और विकास की लंबी यात्रा के बाद अब ट्रस्ट सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों को विस्तार देने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लेकर कार्य कर रहा है।

युवाओं के संकल्प से बनी सेवा की मिसाल

पांच दशक से अधिक समय पहले एक छोटे से चबूतरे से सेवा की शुरुआत करने वाले युवाओं का समर्पण आज ब्यावरा के लिए प्रेरणा बन चुका है। तत्कालीन समिति के सदस्यों, वरिष्ठजनों और श्रद्धालुओं के निरंतर सहयोग से यह धाम समय के साथ विकसित होता गया। श्री अंजनीलाल धाम आज केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता का जीवंत केंद्र है। एक छोटे से चबूतरे से शुरू हुई यह यात्रा बताती है कि जब आस्था के साथ संकल्प, सेवा और जनसहयोग जुड़ते हैं, तो वीरान स्थल भी भव्य आस्था के धाम में बदल सकता है।

कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमण्डल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

-: जाहिर सूचना:-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राकेश शिवहरे आ. रामचरण शिवहरे निवासी सुठालिया तहसील सुठालिया जिला राजगढ़ वनमण्डल राजगढ़ में एक आरामशीन के पंजीकृत अनुज्ञप्तिधारी है। उनके द्वारा उक्त आरामशीन का क्रय-विक्रय श्री शमशाद अली पिता शहजाद अली निवासी जीरापुर से किया गया है। आरामशीन क्रेता के पुत्र श्री साहिब अली पिता शमशाद अली निवासी डग रोड जीरापुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ द्वारा इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके पिताजी श्री शमशाद अली पिता शहजाद अली निवासी जीरापुर के द्वारा क्रय आरामशीन को वे अपने नाम पर नामांतरित कराना चाहता है उक्त आरामशीन अनुज्ञप्ति के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के नाम से अपनी आपत्ति इस कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करा सकते है। सूचना प्रकाशन के 15 दिवस पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं उक्त आरामशीन अनुज्ञप्ति का नामांतरण श्री साहिब अली पिता शमशाद अली निवासी डग रोड जीरापुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ के नाम पर कर दिया जावेगा ।

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल राजगढ़